# कार्यालय उपसंचालक कृषि, जिला–महासमुन्द (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 07723–222132, email : ddamsamund.cg@nic.in
Email :- ddamsamund.cg@nic.in

## //विज्ञापन//

क्र./WDC-PMKSY 2.0/कृषि/पदपूर्ति/2022–23/212 महासमुंद दिनांक 07/06/2023

छ.ग. शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर का पत्र क्र. 1900/एफ 02/WDC 2.0/2015/14–2 रायपुर दिनांक 28.09.2022 में दिये गये निर्देशानुसार WDC-PMKSY 2.0 अंतर्गत प्रत्येक माईक्रोवाटरशेड कमेटी में सचिव माईक्रोवाटरशेड (संविदा) के एक पद पर भर्ती हेतु वर्ष 2021–22 में जिले के 02 विकासखंड में कुल 02 परियोजना स्वीकृत है। अतएव निम्नानुसार माईक्रोवाटरशेड में सचिव (संविदा) पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र. | परियोजना क्रमांक/विकासखंड | माईक्रोवाटरशेड समिति का नाम व कोड | परियोजनांतर्गत माईक्रोवाटरशेड क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम पंचायत/ग्राम | पद संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | WDC-PMKSY 2.0/MAHASAMUND | मा.वा.सिंघनपुर 4G2F4C1a | 1.सिंघनपुर(सिंघनपुर,खम्हारमुडा,बरभाठा) 2.झलप(टूरीडीह) 3.छिलपावन(छिलपावन) | 01 | अ.जा. |
| 2 | | मा.वा.सिंधौरी 4G2F4C1b | 1.सिधौरी(सिधौरी,नवापारा) | 01 | अनारक्षित |
| 3 | | मा.वा.बंबूरडीह 4G2F4C1c | 1.बंबूरडीह(बंबूरडीह,खम्हारमुडा) | 01 | अ.पि.व. |
| 4 | | मा.वा.चौकबेडा 4G2F4C1d | 1.चौकबेडा(चौकबेडा) | 01 | अ.ज.जा. |
| 5 | | मा.वा.झारा 4G2F4C1e | 1.झारा(झारा,चितमखार) | 01 | अनारक्षित |
| 6 | | मा.वा.भटगांव 4G2F4C1h | 1.भटगांव(भटगांव,फरफौद, शुक्लाभाठा,सराईपाली) 2.नरतोरा(नरतोरा) | 01 | अ.ज.जा |
| 7 | | मा.वा.अमुरदा 4G2F4C1i | 1.खुसरुपाली(खुशरुपाली,डोकरपाली) 2.बरबसपुर(अमुरदा) | 01 | अ.जा. |
| 8 | | मा.वा.पथरी 4G2F4C1j | 1.पथरी(पथरी,केरामुन्डा,कुल्हरीया) 2.बावनकेरा(बावनकेरा) | 01 | अ.ज.जा |

| क्र. | परियोजना क्रमांक/विकासखंड | माईक्रोवाटरशेड समिति का नाम व कोड | परियोजनांतर्गत माईक्रोवाटरशेड क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम पंचायत/ग्राम | पद संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | WDC-PMKSY 2.0/PITHORA | मा.वा.रजपालपुर 4G2E5E2a | 1.रजपालपुर (रजपालपुर) | 01 | अ.जा. |
| 2 | | मा.वा.आरंगी 4G2E5E2b | 1.आरंगी (आरंगी,नरसीपल्लयम) 2.जबलपुर(जबलपुर,ताला,कुदारीबाहरा) | 01 | अनारक्षित |
| 3 | | मा.वा.बैतारी 4G2E5E2c | 1.बैतारी(बैतारी,झारमुडा,झारामुडा) 2.जोगीदादर(जोगीदादर) | 01 | अनारक्षित |
| 4 | | मा.वा.पथरला 4G2E5E2d | 1.पथरला(पथरला,मोहगांव,तिलकपुर) 2.भीखापाली(भीखापाली) | 01 | अ.ज.जा. |

| क्र. | परियोजना क्रमांक / विकासखंड | माईक्रोवाटरशेड समिति का नाम व कोड | परियोजनांतर्गत माईक्रोवाटरशेड क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम पंचायत / ग्राम | पद संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | WDC-PMKSY 2.0/PITHORA | मा.वा.सांई सराईपाली 4G2E5E2e | 1.सांई सरायपाली(सांई सरायपाली,देवतारी,झापीमहुआ)<br>2.भस्करापाली(भस्करापाली,दुपेनडीह) | 01 | अनारक्षित |
| 6 | | मा.वा.बरेकेल 4G2E5E2f | 1.बरेकेल(बरेकेल,ब्राम्हनपुरी)<br>2.कोटगढ(कोटगढ,कारीडोंगरी)<br>3.पिरदा(पिरदा)<br>4.तरेकेला(तरेकेला) | 01 | अ.ज.जा. |

**न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता –**

(अ) 12वीं पास।

(ख) माईक्रोवाटरशेड क्षेत्र में सम्मिलित ग्राम / ग्राम पंचायत का निवासी एवं कम्प्यूटर में अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी।

**चयन हेतु मेरिट अंक का निर्धारण**

| क्र. | चयन हेतु मेरिट अंक | |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का Weightage देते हुए। | 85 |
| 2 | न्यूनतम 1 से 2 वर्ष का अनुभव। | 5 |
| 3 | 05 वर्ष तक का अनुभव। | 10 |
| 4 | 05 वर्ष से अधिक का अनुभव | 15 |

1. **नियम एवं शर्ते :–**

1. संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन संविदा नियम 2012 में निहित शर्तो के अनुसार की जावेगी।
2. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होंगे।
3. **आयु सीमा** – आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होगी। आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छुट संबंधी आदेश / निर्देश नियुक्ति के लिये भी लागू होंगे।
4. **नियुक्त की अवधि** – संविदा नियुक्ति सामान्यतः एक वर्ष के लिये होगी। WCDC आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का गोपनीय प्रतिवेदन द्वारा आंकलन कर सेवा वृद्धि का निर्णय ले सकेगा। संविदा नियुक्ति की अवधि परियोजना समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।
5. **अवकाश की पात्रता** – संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में 18 दिनों का आकस्मिक तथा 03 दिनों का ऐच्छिक अवकाश की पात्रता की गणना पूर्ण महिनों के लिये आनुपातिक आधार पर किया जावेगा। गणना मे अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस से पूर्णांकित किया जावेगा। विश्रामावकाश विभागों में कैलेण्डर वर्ष के तात्पर्य 12 माह की वास्तविक सेवा से लगाया जाएगा।
6. **प्रसूति अवकाश** – शासन द्वारा संविदा नियुक्त अधिकारी / कर्मचारी के लिऐ निर्धारित प्रसूति अवकाश की पात्रता होगी।
7. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को अपने परिवार की सामाजिक सुरक्षा के लिये संविदा वेतन की कम से कम 10 प्रतिशत राशि जीवन बीमा पेंशन योजना अथवा पी.पी.एफ. में जमा करनी होगी तथा इस बात की सूचना नियुक्ति प्राधिकारी को देनी होगी की कर्मचारी द्वारा किस योजना का वरण किया गया है परन्तु यह प्रावधान सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों पर लागू नही होगी।

8. **वेतन** – उपरोक्त संविदा सेवा में एकमुश्त मासिक मानदेय राशि 5000.00 रू. देय होगा। इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, गृह भाड़ा इत्यादि नही दिया जावेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधिन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नही होगी।
9. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को सेवा समाप्ति पश्चात्, संविदा नियुक्ति की हैसियत से जितनी अवधि तक सेवा दी गयी है उस अवधि के लिये किसी भी प्रकार का पेंशन, उपादान, मृत्यु लाभ एवं वित्तीय सहायता की पात्रता नही होगी।
10. आवेदन पत्र के साथ प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किये गये छ.ग. मूल निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
11. वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन दिनांक 25/06/2023को सायं 05.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय, उप संचालक कृषि महासमुंद (छ.ग.) पिन कोड – 493445 में अनिवार्य रूप से प्राप्त होगा जाना चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकृत नही किया जावेगा।
12. व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जावेंगे।
13. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारी को आवेदन पत्र नियोक्ता के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
14. अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियोक्ता का नियुक्ति आदेश पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा अनुभव हेतु निर्धारित अंक प्रदाय किया जाना संभव नही होगा।
15. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक उल्लेख करना तथा स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
16. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई सूचना नही दी जावेगी। ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे।
17. नियुक्ति हेतु सिफारिश कराने वाले किसी भी प्रकार का दबाव डलवाने वाले आवेदक का आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा
18. उपरोक्त वांछित योग्यता न रखने वाले उम्मीदवार आवेदन न करें ऐसे आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।
19. लिफाफे के उपर आवेदित पद एवं परियोजना/विकासखंड का नाम अवश्य लिखें।
20. यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक माइक्रोवाटरशेड समिति हेतु आवेदन करना चाहता है तो प्रत्येक माईक्रोवाटरशेड समिति के लिये पृथक–पृथक आवेदन पत्र जमा करना होगा।
21. आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा दो लिफाफा 25–25 रूपये के डाक टिकट सहित पत्र व्यवहार के लिये संलग्न किया जाना आवश्यक है।
22. किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC जिला महासमुंद का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

("कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित")

**उप संचालक कृषि**
**सह परियोजना प्रबंधक WCDC**
**महासमुंद (छ.ग.)**

पृ. क्र./WDC-PMKSY 2.0/कृषि/पदपूर्ति/2022–23/218 महासमुंद दिनांक 07/06/2023

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी CGSWMA इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर कृषक नगर लाभाण्डी रायपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर सह अध्यक्ष WCDC जिला महासमुंद की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह उपाध्यक्ष WCDC जि.पं. महासमुंद की ओर सादर सूचनार्थ।
4. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद की ओर सूचनार्थ।
5. सहायक संचालक, जिला जनसंपर्क अधिकारी महासमुंद की ओर सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।

6. जिला सूचना अधिकारी NIC जिला महासमुंद की ओर जिले के वेबसाईड में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।
7. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ...................................... की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. अनुविभागीय कृषि अधिकारी महासमुंद/सरायपाली की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप संचालक कृषि
सह परियोजना प्रबंधक WCDC
महासमुंद (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

## आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

| स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित फोटो |
|---|

उप संचालक कृषि
सह परियोजना प्रबंधक WCDC
जिला – महासमुंद (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम :– ....................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ....................
   (अग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :– ....................
3. लिंग (पुरूष / महिला) :– ....................
4. वैवाहिक स्तर :– ....................
   (विवाहित / अविवाहित / विधवा / विधुर) :– ....................
5. पिता / पति का नाम :– ....................
6. प्रवर्ग (सामान्य / अजा. / अजजा. / अपिव) :– ....................
7. जन्म तिथि (अ) अंको में :– ....................
   (ब) शब्दो में :– ....................
8. आयु (01.01.2023 की स्थिति में) :– ........... वर्ष ............... माह ...........दिन
9. जाति :– ....................
   (अनारक्षित वर्ग के आवेदक सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छाया प्रति संलग्न करें)
10. स्थायी पता :– ....................
    :– ....................
    पत्र व्यवहार का वर्तमान पता :– ....................
    :– ....................
11. मोबाईल नंबर :– ....................
12. जिला जहां के मूल निवासी है :– ....................
13. शैक्षणिक योग्यता (हाई स्कूल एवं समकक्ष से प्रारंभ करते हुये)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा / डिग्री | मान्यता प्राप्त बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

क्रमश : 2

14. अन्य योग्यता/अनुभव का विवरण (अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– ..............................
15. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन :– ..............................
16. आवेदक शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत है ? (यदि हां तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) :– ..............................
17. क्या अभ्यथी के विरूद्ध कोई दण्डित प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में लंबित है ? अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

टीप :– जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक योग्यता प्रमाण एवं अन्य प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

18. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

| | |
|---|---|
| 1. .............................. | 2. .............................. |
| 3. .............................. | 4. .............................. |
| 5. .............................. | 6. .............................. |
| 7. .............................. | 8. .............................. |

आवेदक के हस्ताक्षर
(नाम एवं पूरा पता)

## घोषणा – पत्र

मै घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण एवं समस्त अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं सही है। कोई जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेता एवं चयन के उपरांत भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक के हस्ताक्षर
(नाम एवं पूरा पता)